# सीएम युवा उद्यमी विकास योजना को युवाओं ने लिया हाथों-हाथ

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना को प्रदेश के युवाओं ने हाथोंहाथ लिया है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अबतक इस योजना का लाभ लेने के लिए 2.08 लाख से ज्यादा उद्यमी पंजीकरण करा चुके हैं। जिला उद्योग केंद्रों में 96 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। मार्च कर न्यूनतम 25 हजार उद्यमियों को इस योजना के तहत लोन देने का लक्ष्य रखा गया है।

पिछले वर्ष सीएम योगी ने युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने की दिशा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत अपना उद्यम लगाने के लिए पांच लाख रुपये तक का लोन बिना ब्याज और बिना सिक्योरिटी के दिया जाएगा। बैंक रिकॉर्ड साफ-सुथरा होने पर युवा उद्यमी को लोन की सीमा 10 लाख रुपये तक करने का प्रावधान है।

अधिकाधिक युवाओं को इसके दायरे में लाने व योजना के क्रियान्वयन में तेजी के लिए मंडल स्तर पर क्रेडिट कैंप लगाए जा रहे हैं। आगरा और अलीगढ़ में कैंप लग चुके हैं। 23 फरवरी को कानपुर व लखनऊ, 27 को बरेली व मुरादाबाद, 1 मार्च को वाराणसी व आजमगढ़, 5 को गोरखपुर व बस्ती, 6 को सहारनपुर व मेरठ, 7 को देवीपाटन व अयोध्या, 10 को प्रयागराज व मिर्जापुर और 11 मार्च को झांसी व चित्रकूट में कैंप लगाए जाएंगे।

वहीं, इस योजना से संबंधित पोर्टल पर प्रति सेकेंड 2000 से ज्यादा हिट्स मिल रहे हैं। यही नहीं, लाभार्थियों की सुविधा के लिए बनाए गए कॉल सेंटर में हर घंटे 500 और रोजाना 4000 से ज्यादा फोन आ रहे हैं।

इसी का परिणाम है कि वेबसाइट पर प्रति सेकेंड 2000 से ज्यादा लोग इसके बारे में जान रहे हैं। लाभार्थियों की सुविधा के लिए कॉल सेंटर में हर घंटे 500 और रोजाना 4000 से ज्यादा फोन आ रहे हैं।




## 96000 आवेदन अब तक जिला उद्योग केंद्रों को मिले

### योजना की सफलता के आंकड़े एक नजर में

| | |
|---|---|
| पोर्टल पर पंजीकृत उद्यमियों की संख्या | 2,08,640 |
| जिला उद्योग केंद्रों में प्राप्त आवेदन | 96,242 |
| बैंकों को प्रेषित आवेदनों की संख्या | 74,671 |
| बैंकों द्वारा स्वीकृत आवेदनों की संख्या | 16,304 |
| ऋण वितरित किए गए आवेदनों की संख्या | 5,205 |

मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान योजना का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आ रहे हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अधिकाधिक युवाओं को इसका लाभ दिया जाएगा ताकि स्वरोजगार की दिशा में तेज प्रगति हो सके। बेहद कम समय में 96 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। करीब 75 हजार आवेदन बैंकों को भेजे जा चुके हैं। बैंकों ने लगभग 16 हजार आवेदन स्वीकृत कर दिया है। मार्च के अंत तक 25 हजार युवाओं को लोन दे दिया जाएगा। **-आलोक कुमार, प्रमुख सचिव, एमएसएमई, अवस्थापना व औद्योगिक विकास**